

ईशान किशन

तीसरे टी-20 में भी नहीं खेलेंगे

भाजन

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

रश्मिका मंदाना

मैं अपने पति के प्यार में दीवानी हूं



पटना, मंगलवार, २७ अक्तूबर, २०२६ सौर ९ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

राहुल बोले- सीईसी को हटाएं पीएम मोदी रुक जायेगा आंदोलन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया।

राहुल गांधी ने कहा कि जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। उन्होंने आगे लिखा कि मोदी जी से कहिए - आरोपी नंबर 4, ज्ञानेश कुमार को हटाएं, 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा।

दिल्ली के व्यापारियों ने रामलीला मैदान में एक नवंबर को प्रस्तावित कांग्रेस की रैली को स्थगित करने की मांग दोहराई है। उन्होंने निर्णय पर विचार करने के संबंध में दिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान का स्वागत किया। साथ ही, व्यापारियों

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गयाजी से बैंकाक की पहली सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू

सीएम ने वीसी से हरी झंडी दिखा कर किया शुभारंभ, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बोधगया (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गयाजी से बैंकाक के लिए इंडिगो एयरलाइंस की पहली नान-स्टाप अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा (6म 1083) का शुभारंभ किया। यह उड़ान सप्ताह में दो दिन संचा. लित होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा से बिहार और थाईलैंड के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंध मजबूत होंगे। बोधगया में विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई संपर्कता से बिहार की



ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री सम्राट

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मोदी के पिता पर खरगे की टिप्पणी को लेकर बीजेपी का देशव्यापी प्रदर्शन

ललन सिंह ने खरगे को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया



नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ आज देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दरअसल, पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान एक शख्स द्वारा यह कहे जाने पर पीएम मोदी कहीं जाएंगे, जवाब में गुस्से में आकर यह टिप्पणी की थी। अब बीजेपी ने इसे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सभी मानदंडों को तोड़ दिया : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मल्लिकार्जुन खरगे के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अशोभनीय टिप्पणी करके खरगे ने शालीनता के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है। अमित शाह ने आरोप

(शेष पृष्ठ ९ पर)

समय आने पर जनता उचित जवाब देगी : नितिन नवीन

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि देश की जनता इस तरह की अशोभनीय राजनीति को करीब से देख रही है और समय आने पर इसका उचित जवाब देगी। नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

(शेष पृष्ठ ९ पर)

देशवासियों की भावनाओं को आहत किया : राजनाथ

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ये बहुत दुखद है। कल पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिता के बारे में जो टिप्पणी की, उससे मुझे गहरा आघात लगा है और बहुत दुख


(शेष पृष्ठ ९ पर)

1268 अस्पतालों में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का होगा मुफ्त इलाज

पीएम राहत योजना के तहत सात दिनों तक 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार, अब तक 250 पीड़ितों को मिला लाभ : परिवहन सचिव

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य के 1268 सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।



दुर्घटना के बाद सात दिनों तक इस सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा। अब तक योजना के तहत करीब 250 सड़क दुर्घटना पीड़ितों का उपचार कराया जा चुका है। योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग ने जागरूकता अभियान तेज करने की तैयारी की है। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों, जिला परिवहन पदाधिकारियों और संबंधित विभागों को योजना के व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है। परिवहन सचिव ने योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने को कहा है। इनमें अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

पति की हत्या के जुर्म में उम्रकैद

नवादा (आससे)। व्यवहार न्यायालय,नवादा में माननीय ए.डी.जे. -9 के न्यायालय में वरिष्ठ अपर लोक अभियोजक राम प्रताप लाल ने सरकार की ओर से रोह थाना कण्ड संख्या 81/2024,सेशन ट्रायल नंबर 472/2024 में अभियुक्त सरिता देवी को कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील की।तदोपरांत माननीय न्यायालय ने सरिता देवी को पति की निर्मम हत्या के जुर्म में धारा 302 में उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 20000/का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। इसके अलावा धारा 201 के तहत भी 7 वर्ष का कारावास और 5000/का जुर्माना। यदि जुर्माना नहीं देते हैं तो 3, माह का अतिरिक्त कारावास। सजा सुनते ही सरिता देवी रोने गिड़गिड़ाने लगी। सरकारी वकील साहब एवं पेशकार अमित कुमार के द्वारा जानकारी मिली कि सरिता देवी ने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सूबे में शिक्षा की 1,627 नयी परियोजनाएं पूरीं

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी स्कूलों में आधारभूत ढांचे का विकास हुआ है। शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ीं हैं। इसके तहत क्लासरूम बढ़े हैं। स्कूलों को कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी रूम, साइंस लैब और आर्ट एवं क्राफ्ट रूम मिले हैं।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत पांच अक्तूबर से 24 अक्तूबर के बीच जारी प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक राज्य भर में 1,627 नयी परियोजनाएं पूरी हुई हैं। इससे स्कूलों में आधारभूत ढांचे और शैक्षणिक सुविधाओं के विकास कार्यों ने उल्लेखनीय गति पकड़ी है। केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएमश्री के तहत राज्य भर के सरकारी स्कूलों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन का आदेश जारी किया था। इसके मद्देनजर पांच अक्तूबर से 24 अक्तूबर के बीच पूरी हुई 1,627

(शेष पृष्ठ ९ पर)

- स्कूलों में बढ़े क्लासरूम, शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ीं
- मिले कंम्प्यूटर, लाइब्रेरी एवं आर्ट एंड क्राफ्ट रूम



अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी 20 सूत्री समिति से आउट

25 नवंबर तक आवास खाली करने का जारी हुआ आदेश

(निज प्रतिनिधि)

पटना। जदयू ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी पर एक और बड़ा ऐक्शन लिया है। मोकामा की पूर्व विधायक नीलम देवी को जदयू ने 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति से भी हटवा दिया है। इससे पहले जदयू ने उन्हें दलविरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निष्कासित किया था। बताया जा रहा है कि जेडीयू के अनुशंसा पर नीलम



देवी को समिति से हटाया गया है। नीलम देवी को 20 सूत्री सदस्य कमेटी से हटाए जाने के बाद उनसे उप-मंत्री (डिप्टी मिनिस्टर) का दर्जा भी छिन गया है।

बिहार की राजनीति में बाहुबली विधायक अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी के खिलाफ सरकार और जेडीयू का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी क्रम में बिहार सरकार के भवन

(शेष पृष्ठ ९ पर)

'शिकायत है तो अदालत जाएं, अपना पक्ष रख सकते हैं'

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर शिकायत करने वाले विपक्षी दल न्याय पाने के लिए अदालतों का रुख कर सकते हैं और वहां अपना पक्ष रख सकते हैं। एसआईआर

एसआईआर पर सियासी घमासान के बीच विपक्ष को निर्मला सीतारमण की दो टूक

प्रक्रिया के विरोध में विपक्षी दलों के लगातार प्रदर्शन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कार्रवाई की मांग के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि देशभर से मिली शिकायतों को अदालतों ने संज्ञान में लिया है। इनमें सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है।

उन्होंने कहा, लोग अदालती कार्यवाही में हिस्सा ले सकते हैं, अपना पक्ष रख सकते हैं और अदालतों के माध्यम से न्याय पा सकते हैं। कई लोग पहले से ही ऐसा कर रहे हैं। सीतारमण ने आगे कहा कि विपक्षी दल राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों के जरिए भी इस मुद्दे को उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में स्ट्रक्को लेकर

(शेष पृष्ठ ९ पर)

